<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
शैतान सिंह
बनाम
लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)
सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353866465406159</td><td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>11/09/25</td><td>अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपालवाडी, होटल गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 03.07.2025 को दिनांक 04.06.2025 को शैतान सिंह गोगादेव द्वारा, हनवंत नगर बूस्टर रूम से परिहारो, इंदो व भूर सिंह की टंकियो में खराब किस्म की बिछाई गई पाइप लाइन की जिला स्तरीय टीम से जांच करवाने, खराब पाइप लाइन बिछाने वाली पूर्व सरपंच श्रीमति विद्या प्रजापत, सरपंच पति श्री ललीत कुमार प्रजापत व सरपंच धन की रिकवरी करवाने बाबत, लिखे पत्र पर की गई संपूर्ण कार्यवाही की सम्पूर्ण पत्रावली से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 883 दिनांक 22.08.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्र दिनांक 05.08.2025 के द्वारा कुल 04 पृष्ठ की सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td><td></td></tr>
</table>

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.11 16:46:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
17714397